दिनांक : 02.12.25 समय : 07.10चउ

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी तमिल संगमम के शुभारंभ पर कहा- यह कार्यक्रम एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को बढ़ाता है।
- विधानसभा में नगर पालिका संशोधन विधेयक-2025 सर्वसम्मति से पारित;अब नगरपालिका-नगर परिषद अध्यक्षों का चुनाव सीधे मतदाता करेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज विधानसभा में कैबिनेट बैठक आयोजित की गयी।
- प्रदेश में कल से ठंड बढ़ने की संभावना; मौसम विभाग ने शीतलहर का अलर्ट किया जारी ।

<u>प्रधानमंत्री-तमिल संगमम</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज काशी तमिल संगमम के शुभारंभ पर कहा कि यह कार्यक्रम एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को और बढ़ाता है। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के दौरान लोगों की काशी में यादगार प्रवास की कामना भी की।

<u>कैबिनेट</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज विधानसभा भवन में कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में यह तय किया गया कि मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना को वर्ष 2026-27 तक जारी रखा जाएगा। इसके लिए 500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त स्वीकृति प्रदान की गई। इसी तरह, ग्रामीण संपर्कता बाह्य वित्त पोषित योजना के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए राज्य योजना मद से 9 करोड़ 45 लाख रुपये अतिरिक्त खर्च करने की अनुमति दी गई है।

<u>विधानसभा</u>

प्रदेश में में अब नगरपालिका–नगर परिषद अध्यक्षों का चुनाव सीधे मतदाता करेंगे। आज विधानसभा में *मध्यप्रदेश नगर पालिका संशोधन विधेयक-2025* सर्वसम्मति से

पारित किया गया। इसके साथ ही राइट-टू-रिकॉल की अवधि ढाई वर्ष से बढ़ाकर तीन वर्ष कर दी गई है।

नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि इससे लोकतंत्र अधिक मजबूत होगा और अध्यक्ष पूरे नगर के विकास पर ध्यान देंगे, न कि केवल अपने वार्ड पर। विधानसभा में चर्चा के दौरान विधेयक को लेकर सत्ता और विपक्ष दोनों की ओर से सुझाव दिए गए।

राष्ट्रपति - केरल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल से तिरुवनंतपुरम की दो दिन की यात्रा पर रहेंगी। इस दौरान, राष्ट्रपति नौसेना दिवस-2025 समारोह में हिस्सा लेंगी। श्रीमती मुर्मु कल नौसेना के परिचालन प्रदर्शन का अवलोकन भी करेंगी।

सिंधिया- संचार साथी ऐप

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि संचार साथी ऐप पूरी तरह से लोकतांत्रिक है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिंधिया ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक की डिजिटल सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि संचार साथी ऐप और पोर्टल है, जो नागरिकों को पारदर्शी और उपकरणों के माध्यम से खुद को सुरक्षित रखने में सक्षम बनाता है। उन्होंने बताया कि उपयोगकर्ता अपनी सुविधा के अनुसार ऐप को डाउनलोड कर, इसका लाभ उठा सकते हैं और वे किसी भी समय अपने फोन से इस ऐप को हटा भी सकते हैं।

किरेन रिजिजू

लोकसभा में इस महीने की 8 तारीख को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर विशेष चर्चा होगी। सदन में 9 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर बहस होगी। आज संसद भवन में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संवाददाताओं का बताया कि आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक में यह फैसला किया गया। उन्होंने कहा दोनों चर्चाएं खत्म होने के बाद, सरकार राज्यसभा में भी चर्चा कराने का प्रस्ताव रखेगी।

निर्वाचन आयोग-एसआईआर

निर्वाचन आयोग ने आज कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर का दूसरा चरण शुरू होने के बाद से मतदाताओं के बीच 50 करोड़ 85 लाख से ज़्यादा गणना प्रपत्र वितरित किए

जा चुके हैं। यह इस चरण के करीब 51 करोड़ मतदाताओं का 99 दशमलव सात-आठ प्रतिशत है। आयोग ने कहा कि अब तक करीब 40 करोड़ फॉर्म डिजिटाइज़ किए जा चुके हैं। सागर जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र में 100 प्रतिशत मतदाता गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हुआ। जिले में अब तक 16 लाख से अधिक मतदाताओं का डिजिटाइजेशन हुआ है। शहडोल जिले में एसआईआर का काम अपने अंतिम पड़ाव पर है। 99 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन हो चुका है।

एसआईआर- अशोकनगर

अशोकनगर जिले में तीनों विधानसभा क्षेत्रों में डिजिटाईजेशन का कार्य समय से पूर्व 100 प्रतिशत पूर्ण हो गया। अशोकनगर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने बताया----

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ थाने को देश के श्रेष्ठतम पुलिस थानों की रैंकिंग में 9वां स्थान मिलने पर बधाई दी है। उन्होंने मंत्रिपरिषद की बैठक से पहले कहा कि अपराध नियंत्रण, मामलों के त्वरित निराकरण, स्वच्छता और पुलिस के आचरण जैसे 70 मापदंडों पर मिली यह रैंक प्रदेश के लिए गर्व की बात है। यह पुरस्कार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने 14 से 27 नवम्बर तक दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में राज्यों की श्रेणी में मध्यप्रदेश मंडप को रजत पदक मिलने पर भी बधाई दी। मध्यप्रदेश मंडप को ग्वालियर किले की थीम पर विकसित किया गया था और इसमें सांची, खजुराहो, भीमबेटका तथा मुरैना के 64 योगिनी मंदिर सहित कई धरोहरों व हस्तशिल्पों को प्रदर्शित किया गया था।

कृषि मंत्री मुलाकात

धार जिले के प्रतिनिधिमंडल ने आज नई दिल्ली में लोकसभा सत्र के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर किसानों की प्रमुख समस्याओं और मांगों पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी मौजूद रहीं।प्रतिनिधिमंडल ने किसान संगठनों द्वारा तैयार ज्ञापन केंद्रीय मंत्री को सौंपते हुए अनुरोध किया कि उठाए गए बिंदुओं पर मंत्रालय स्तर पर शीघ्र कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों को समय पर राहत मिल सके। बैठक के दौरान किसानों की आर्थिक

सशक्तिकरण, व्यवहारिक समाधान और केंद्र–राज्य समन्वय से आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया गया।

## गैस त्रासदी

भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ कुवंर विजय शाह की मौजूदगी में गैस त्रासदी की 41वीं बरसी पर कल 'सर्वधर्म प्रार्थना सभा' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम बरकतउल्ला भवन परिसर में सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में विभिन्न धर्माचार्यों द्वारा दिवंगतों के आत्मा की शांति के लिए पाठ भी किया जायेगा साथ ही दो मिनट का मौन रखकर दिवंगतों को सामूहिक श्रद्धांजलि दी जाएगी।

## मौसम

प्रदेश में कल 3 दिसंबर से ठंड और बढ़ने वाली है। मौसम विभाग ने शीत लहर का अलर्ट जारी किया है। सुबह के समय 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलेंगी। भोपाल, इंदौर और नर्मदापुरम संभाग के कई जिलों में ठंड का असर ज़्यादा रहेगा। अनुमान है कि कई जगहों पर रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच सकता है। विभाग ने लोगों से सुबह-शाम बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है।

## समाचार संक्षेप में -

- झाबुआ नगर क्षेत्र में ट्रक और अन्य भारी भारवाहक वाहनों का प्रवेश अब पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध रोज सुबह सात बजे से रात आठ बजे तक लागू रहेगा।
- विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत जिला चिकित्सालय अशोकनगर में आज जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।
- पशुपालकों का दुग्ध उत्पादन दोगुना करने के उद्देश्य से देवास जिले में दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान कार्यक्रम आयोजन का द्वितीय चरण माह दिसम्बर 2025 में पशुपालन विभाग द्वारा किया जा रहा है।